सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स स्कूल

ऐडजेसेंट नवनीति अपार्टमेंट

आई .पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली ११००९२

सत्र – २०२६-२०२७

कक्षा २

विषय- हिंदी

विशेषण

परिभाषा - वे शब्द जो संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताते हैं, वे विशेषण कहलाते हैं |

उदाहरण -

1 पेड़ पर रंग-बिरंगी चिड़िया बैठी है |

2 मैंने दो लीटर दूध खरीदा |

3 यह आम मीठा है |



विशेषण शब्द छाँटिए -

1 मदारी का बंदर नटखट है |

2 तोता हरे रंग का होता है |

3 यह अंगूर खट्टे हैं |

4 मेरे पास दो किताबें हैं |

5 घड़े का पानी बहुत ठंडा है |

6 सोहन एक आलसी लड़का है |

उचित विशेषण शब्द भरिये -

1 पृथ्वी का आकार _____ है । (गोल / तिकोना)

2 इमली का स्वाद _____ होता है । (खट्टा / मीठा)

3 हमें _____ खाना नहीं खाना चाहिए । (ताज़ा / बासी)

4 मेज़ पर _____ किताबें रखी हैं । (खट्टी / तीन)

5 मुझे _____ चीनी चाहिए । (चार किलो / गरम)